पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ : 29 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि जन्माष्टमी सिर्फ भारत में ही नही विदशों में रह रहे भारतीय और अनेक विदेशी अनुयायियों एवं संस्थाओं द्वारा भी बड़ी आस्था और उल्लास से मनायी जाती है। श्री कृष्ण उस महान शक्ति के रूप में अवतरित हुए जिन्होंने संसार से अधर्म और अत्याचार का अंत करके धर्म की स्थापना की। गीता के माध्यम से उनका जो उपदेश हमें प्राप्त है वह सम्पूर्ण मानवजाति को आज भी निष्काम भाव से कर्म के लिए प्रेरित करता है।

राज्यपाल जी ने आशा व्यक्त की है कि श्रद्धा, आस्था और विश्वास का यह पर्व समाजिक सौहार्द के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि वे कोरोना महामारी के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए नियमों का पालन करते हुए ही पर्व को मनायें।

———————

(राजभवन 20/17)